सांध्य दैनिक
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 9 अंक : 236 इंदौर, गुरुवार 07 मार्च, 2024 पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. हरियाणा में भाजपा का एकला चलो: सभी 10 सीट पर लड़ेगी चुनाव, कोर कमेटी में फैसले पर मुहर लगाएंगे पीएम
2. Punjab: पंजाब पुलिस ने बब्बर खालसा के दो आतंकी पकड़े, दो पिस्तौल समेत मैगजीन और कारतूस बरामद

# साइबर फ्रॉड

## पुलिस सक्रिय, मिल रही राहत

### ठगी के शिकार लोगों को दो माह में

## 66 लाख से ज्यादा रिफंड कराए



@ DGR विशेष

इंदौर। जिस तेजी से इंटरनेट का उपयोग करते हुए हर काम को आसान बनाया जा रहा है और इसी के जरिए नई-नई टेक्नोलॉजी का यूज हो रहा है। उसी तेजी से शहर ही न हीं, बल्कि प्रदेश और पूरे देश में ऑनलाइन ठगी यानि फ्रॉड के मामले बढ़ते जा रहे हैं। अब इस साइबर ठगी के शिकार हुए लोगों को उनके रुपए वापस दिलाने के लिए पुलिस भी नई तकनीकों का उपयोग करते हुए उन्हें राहत दे रही है। पुलिस की स्पेशल टीम ठगाए गए लोगों को उनके रुपए वापस दिला रही है। इसी कड़ी में इंदौर पुलिस की क्राइम ब्रांच की सायबर फ्राड इनवेस्टीगेशन टीम ने वर्ष 2024 में आन लाइन ठगी के मामलों में दो माह में पीड़ितों को 66 लाख से ज्यादा की फ्राड राशि रिफंड करवाई है। ऑनलाइन ठगी की शिकायतों में क्राइम ब्रांच की फ्राड इन्वेस्टिगेशन टीमों को सक्रिय किया गया है। क्राइम ब्रांच द्वारा संचालित सायबर हेल्प लाइन,सिटीजन काप,एनसीआरपी पोर्टल आदि विभिन्न माध्यमों से प्राप्त ऑनलाइन फ्राड की शिकायतों पर क्राइम ब्रांच की फ्राड इन्वेस्टिगेशन सेल द्वारा आवेदकों से फ्राड की सम्पूर्ण जानकारी लेकर त्वरित कार्यवाही कर आवेदकों के पैसे ठग से वापस कराने का कार्य निरंतर कर रही है।

### चार साल में इतने रुपए कराए रिफंड

क्राइम ब्रांच टीम द्वारा ऑनलाइन फ्राड की शिकायतों में 2021 में 1 करोड़ 37 लाख रुपए आवेदकों को वापस कराए गए थे। कमिश्नर सिस्टम लागू होने के बाद 2022 में 3 करोड 92 लाख रुपए रिफंड कराए। जो बढकर 2023 में यह रिफंड राशि 4 करोड़ 32 लाख रुपए आवेदकों के खाते में सकुशल वापस कराए गए थे। 2024 में जनवरी एवं फरवरी के केवल 2 माह में आवेदकों के 66 लाख से अधिक राशि सकुशल वापस कराई गई।

### इस कारण बनते हैं ठगी का शिकार

संकल्प अभियान के तहत जाने माने सायबर विशेषज्ञ डॉ. वरूण कपूर-अति. पुलिस महानिदेशक अब तक 661 कार्यशाला का आयोजन कर चुके हैं। एडिशनल डीसीपी,क्राइम, राजेश दंडोतिया भी सायबर की 200 से ज्यादा क्लास ले चुके हैं। इस दौरान सभी वर्ग के लोगों को सायबर क्राइम से बचाव के लिए जागरुक किया जा चुका है। जागरुक करने वाले लोगों में स्कूल छात्र से लेकर बड़े-बड़े अफसर तक शामिल हैं इसके बाद भी लोग सायबर क्राइम के शिकार कैसे हो जाते हैं तो इसका सीधा सा जवाब है कि हमारी लापरवाही और जल्दबाजी से ही सायबर फ्राड करने वाले हमें शिकार बनाते हैं। यदि इस मामले में हम अलर्ट रहेंगे तो सायबर क्राइम का शिकार नहीं हो पाएंगे।

### इस नंबर पर शिकायत

पुलिस ने जनता से अपील की है कि आपके साथ किसी भी प्रकार की ऑनलाइन की धोखाधडी होने पर तत्काल क्राइम ब्रांच द्वारा संचालित सायबर हेल्पलाइन नंबर 704912.4445 या सिटीजन काप एप्लीकेशन,एनसीआरपी पोर्टल आदि माध्यमों से शिकायत करे।

### जागरुकता के लिए लगातार कार्यक्रम

पुलिस द्वारा सायबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये इसके प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से लगातार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को एडिशनल डीसीपी क्राइम राजेश दंडोतिया टीम के साथ जश इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड पहुंचे और वहां के एम्पलाईज को सायबर क्राइम के प्रति जागरूक किया। सायबर अवेयरनेस के तहत सॉफ्टवेयर कंपनी में आयोजित कार्यक्रम में दंडोतिया ने कंपनी के करीब 300 एम्प्लॉयीज को वर्तमान समय के सायबर अपराधों के प्रकारों और इनसे बचने के तरीकों को बताते हुए उन्हें पुलिस के पास आने वाली सायबर अपराधों की शिकायतों की केस स्टडी के आधार पर विभिन्न प्रकार के सायबर फ्राड,फाइनेंशियल फ्राड और सोशल मीडिया से संबंधित अपराधों की जानकारी दी। उन्होंने सभी से कहा कि हम सभी दिन प्रतिदिन इन नई-नई तकनीकों से रूबरू हो रहे है, लेकिन जल्दबाजी में इसमें ध्यान रखने वाली सावधानियों पर ध्यान नहीं देते है और यही इन सायबर अपराधियों के लिए सबसे बड़ा मौका बन जाता है। इन खतरों से बचने का एकमात्र समाधान जानकारी और जागरूकता ही है। अत:हम छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखकर अपनी वर्चुअल दुनिया को भी सुरक्षित बना सकते हैं।

### इन तरीकों से होती सायबर ठगी

1. फर्जी वेबसाइट पर सोशल मीडिया आदि के माध्यम से लोगो की व्यक्तिगत जानकारी प्राप्त कर संपर्क करके उन्हें फर्जी लिंक भेजकर ओटीपी पिन दर्ज करवाकर भी आन लाइन फ्राड की वारदातें होती हैं।
2. ठग द्वार सोशल मीडिया पर फर्जी विज्ञापन एवं वीडियो के माध्यम से वर्क फ्राम होम का प्रचार कर लोगो से संपर्क करके उन्हें पेंसिल,पेन पैकिंग, डाटा एंट्री या टाइपिंग वर्क जैसी फजी जाब दिलाने के नाम से भी कई आन लाइन ठगी के मामले सामने आ चुके हैं।
3. ऑनलाइन लॉटरी केबीसी, गिफ्ट, कैशबैक, लोन, बीमा एवं फेस्टिवल आफर्स में ऑनलाइन शॉपिंग आदि के प्रलोभन देकर भी ठग खाते से पैसे निकाल लेते हैं।
4. लोगों को ठग द्वारा कॉल कर स्वयं को बैंक अधिकारी बताकर क्रेडिट-डेबिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने, गिफ्ट वाउचर रिडीम करने एवं एनुअल चार्जेस कम करने का बोलकर ठगी की जाती है।
5. लोगो द्वारा जल्दबाजी एवं विश्वसनीयता की जांच किए बिना ई-कॉमर्स वेबसाइट, कोरियर, बैंक एवं वालेट्स कंपनी आदि के फर्जी कस्टमर केयर नंबर पर सर्च करने पर वे ठग के संपर्क में आ जाते हैं और खाते से पैसा गायब हो जाता है।
6. ठग द्वारा परिचित बनकर झूठी निजी परेशानी बताकर तत्काल मदद ले नाम से फर्जी कॉल एवं सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क करके पैसे की मांग कर कई लोगों से ठगी हो चुकी है।
7. ठग द्वारा बैंकिंग व बिजली विभाग के अधिकारी या अन्य किसी भी प्रकार का झूठ बोलकर संपर्क करके लोगो के मोबाइल रिमोटली एसेस हेतु एनीडेस्क,टीम व्यूवर,क्विक सपोर्ट आदि ऐप डाउनलोड करवाकर भी आन लाइन ठगी की वारदातें होती हैं।

# नगर निगम की वन टाइम सेटलमेंट योजना को शासन की मंजूरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। आर्थिक संकट से जूझ रहे इंदौर नगर निगम की वन टाइम सेटलमेंट योजना को राज्य शासन ने मंजूरी दे दी है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि जल्द ही इसका आदेश जारी हो जाएगा।**

इसके बाद आम उपभोक्ता वर्ष 2022-23 तक के बकाया जलकर की पचास प्रतिशत राशि एकमुश्त जमा कर वर्ष 2023-24 से जलकर खाता नियमित करा सकेंगे। वन टाइम सेटलमेंट योजना से इंदौर नगर निगम को 150 करोड़ रुपये से ज्यादा राजस्व मिलने की उम्मीद है।

महापौर ने कहा कि नगर निगम के अवैध जल कनेक्शन को वैध करने के अभियान को भी जनता का अच्छा प्रतिसाद मिला है। एक माह के भीतर इस अभियान के तहत शहर में 17 हजार अवैध कनेक्शनों को वैध किया गया। इससे निगम को करीब 5 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हुई है।

स्वीकृति के अभाव में डेढ़ माह से अटकी है योजना नगर निगम ने करीब डेढ़ माह पहले वन टाइम सेटलमेंट योजना तैयार की थी, लेकिन इस पर अमल इसलिए नहीं हो पा रहा था क्योंकि राज्य शासन से मंजूरी नहीं मिली थी। महापौर मंगलवार को भोपाल में थे।

उन्होंने मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन और विकास मंत्री और विभाग के अधिकारियों इस योजना के संबंध में चर्चा की। महापौर ने बताया कि कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने निगम की इस योजना से सहमत हुए। इसके बाद निगम की वन टाइम सेटलमेंट स्कीम को शासन ने मंजूरी देने का निर्णय ले लिया।

योजना के तहत जलकर की वर्ष 2022-23 तक की बकाया राशि पर 50 प्रतिशत छूट मिलेगी। उपभोक्ता बकाया राशि की 50 प्रतिशत राशि एकमुश्त जमाकर जलकर खाता नियमित करवा सकेंगे। अब भी 50 हजार से ज्यादा अवैध जल कनेक्शन है निगम के जानकारों के मुताबिक शहर में अवैध जल कनेक्शनों की संख्या बहुत ज्यादा है।

अवैध से वैध करने के अभियान के तहत भले ही 17 हजार से ज्यादा अवैध कनेक्शन वैध हो गए लेकिन अब भी 50 हजार से ज्यादा कनेक्शन है जो अवैध हैं। ये कनेक्शन सालों से चल रहे हैं। इनसे जलप्रदाय भी हो रहा है। बड़ा सवाल यह भी है कि ये अवैध कनेक्शन चल कैसे रहे हैं। नगर निगम के अधिकारी कर क्या रहे हैं।

# छत्रपति नगर में होगी मुनिश्री संघ की अगवानी

### आज सुबह 8 बजे होगा मंगल प्रवेश, पंचकल्याणक महोत्सव 19 मार्च से

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर के छत्रपति नगर स्थित श्री आदिनाथ जिनालय में संत शिरोमणि आचार्य भगवन 108 विद्यासागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि 108 विमल सागर महाराज का ससंघ मंगल प्रवेश होगा। मुनिश्री की अगवानी को लेकर समाजजन तैयारियों में जुटे है।

मुनि 108 विमल सागर महाराज ससंघ के पावन सान्निध्य एवं बा.ब्र.वाणीभूषण विनय भैया के कुशल निर्देशन में 19 से 25 मार्च तक पंचकल्याणक यहां होने जा रहा है। प्रथम मांगलिक क्रिया के अंतर्गत 7 मार्च को सुबह 8 बजे मुनि संघ का भव्य मंगल प्रवेश रामचंद्र नगर चौराहा एरोड्रम रोड से आदिनाथ जिनालय छत्रपति नगर में होने जा रहा है। मुनिश्री संघ की अगवानी में बैंडबाजे, ढोल-ताशे लवाजमा के साथ छत्रपति नगर के सभी महिला मंडल, पुरुष वर्ग एवं इंदौर शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहेंगे।

# दशहरा मैदान पर शिव महापुराण कथा का आयोजन

### शिव महापुराण कथा का मनुष्य के जीवन से गहरा नाता - इंद्रदेव सरस्वती

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। दशहरा मैदान पर शिव महापुराण कथा आयोजित किया जा रही है। कथा के पांचवें दिन कथावाचक महामंडलेश्वर इंद्रदेव सरस्वती ने हिंदी भाषा पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जब तक हम अंग्रेजी भाषा को दूर नहीं करेंगे तब तक भारत को विश्वगुरु नहीं बनाया जा सकता। क्योंकि अंग्रेजी भाषा ही गुलामी की निशानी है, ओर जब तक इस तरह की गुलाम मानसिकता में हम रहेंगे तब तक विश्वगुरु कैसे बनेंगे ?**

कथा आयोजक ज्योति तिवारी, महेश पूरी व पार्थ मुंशी ने बताया कि गुरुजी द्वारा कथा के मध्य समाज को जगाने के लिए भी प्रेरित किया जाता है तथा शिव महापुराण कथा का मनुष्य के जीवन से गहरा नाता है। कथा आयोजक समिति के गणेश तिवारी, अशोक चौहान, सुभाष वर्मा, दिलीप पंवार, अशोक चंदानी, जोगेश कुकरेजा ने बताया कि कथा का समापन 8 मार्च को महाशिवरात्रि के दिन होगा। रोजाना कथा का समय 3 से 6 बजे तक कथा समय रहेगा। इस कथा के आयोजन में टीना सेंगर, अनिल श्रीवास्तव, रानी शर्मा, सोनिका केजरीवाल, डिंपल शर्मा, अमित पहलवान तथा कई अन्य कार्यकतार्ओं का भी विशेष योगदान मिल रहा है।

# छुट्टियों से पहले ही पूरा होगा 20 प्रतिशत कोर्स

### 1 अप्रैल से शुरू होगा नया सेशन, कई स्कूल करा रहे हैं साइकोमेट्रिक टेस्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। 180 सीबीएसई स्कूल 2.20 लाख स्टूडेंट को समर वेकेशन से पहले अगला सेशन शुरू होने का फायदा स्टूडेंट को भी मिलता है। एजुकेशनिस्ट यूके झा का कहना है कि सेशन शुरू होने के कुछ दिन नए माहौल और बुक्स को समझने में ही लग जाते हैं। जल्दी अप्रैल में एक महीने की क्लास के कारण स्टूडेंट नई क्लास से फैमिलियर हो जाते हैं और इस दौरान पढ़ाए गए कोर्स का वेकेशन में अच्छी तरीके से रीविजन कर लेते हैं। अप्रैल में एक महीने की क्लास से स्टूडेंट्स फैमिलियर हो सकेंगे**

स्कूलों में दसवीं बोर्ड की परीक्षा देने वाले स्टूडेंट्स की काउंसिलिंग भी कराई जा रही है। स्कूल संचालक मोहित अग्रवाल ने बताया कि ज्यादातर स्टूडेंट्स नौवीं से ही तय कर लेते हैं कि उन्हें किस सब्जेक्ट के साथ आगे बढ़ना है लेकिन, कुछ स्टूडेंट्स एक से ज्यादा ऑप्शन के कारण कन्फ्यूज होते रहते हैं। ऐसे स्टूडेंट्स का इंट्रेस्ट जानने के लिए कई स्कूल साइकोमैट्रिक टेस्ट भी करा रहे हैं।

एग्जाम के दौर के बीच शहर के स्कूलों ने अगले सेशन के लिए प्लान तैयार कर लिया है। ज्यादातर स्कूलों में मार्च में ही रिजल्ट घोषित करते हुए 1 अप्रैल से नए सेशन की पढ़ाई शुरू करा दी जाएगी। एक माह की क्लास में फर्स्ट टर्म का 15 से 20 प्रतिशत तक कोर्स पूरा कराने का लक्ष्य रखा है। 1 मई से सभी स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां लगेंगी।

सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) ने पिछले साल एकेडमिक कैलेंडर का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए थे। स्कूलों में एकरूपता लाने के लिए नए सेशन की शुरूआत 1 अप्रैल से पहले नहीं करने को कहा गया। पिछले साल की तरह ही इस सेशन के लिए भी स्कूलों ने उसी निर्देश के अनुसार तैयारी कर ली। दरअसल, एक सेशन में 220 वर्किंग डेज अनिवार्य है। एजुकेशनिस्ट श्याम अग्रवाल का कहना हैं कि 1 जुलाई से सेशन शुरू होने के कारण एग्जाम मार्च-अप्रैल में हो पाती थी। जल्दी क्लासेस लगने के कारण फरवरी-मार्च में ही परीक्षाएं संभव हो पा रही है।

## लोहा व्यापारी एसोसिएशन का आयोजन, वार्षिक खेलकूद स्पर्धा, विजेताओं को किया पुरस्कृत

इंदौर। इंदौर लोहा व्यापारी एसोसिएशन द्वारा व्यापारियों और लोहा दलाल भाईयों की वार्षिक खेलकूद स्पर्धा का आयोजन किया गया। ये आयोजन इल्वा स्कूल में आयोजित किया गया। खेलकूद की अलग-अलग स्पधार्ओं में व्यापारियों व लोहा दलाल भाइयों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इन स्पधार्ओं में विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसोसिएशन के अध्यक्ष अमीर इंजीनियरवाला और ट्रस्ट के चेयरमैन अमरजीत सिंह छाबड़ा, एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र बंसल द्वारा किया गया। इसमें मुख्य रूप से क्रिकेट स्पर्धा में ट्रस्ट 11, टेबल टेनिस में अंश पंचौली, शुभम मुड़त, स्लो स्कूल स्पर्धा में राजेश नारंग, सुबोध मुड़त, गोला फेंक में शाद खान, साकिब सगीर खान, सज्जू खान, नंदू पंचौली, फारुक नागोरी, राजू नारंग, कमल ललवानी, बाबू भाई पटेल, अमरजीत सिंह छाबड़ा, चेयर रेस में राजेश खंडेलवाल, जितेंद्र कटारिया, मटकी फोड़ में प्रभात मिश्रा, पुरुषोत्तम शर्मा एवं वरिष्ठ सदस्यों के लिए एक तीली से मोमबत्ती स्पर्धा में अमरजीत सिंह छाबड़ा, नंदू पंचौली विजेता घोषित हुए। इन सभी विजेताओं को एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अजीत ललवानी, बाबू भाई पटेल, महेंद्र बंसल द्वारा सम्मानित किया गया।

कटाक्ष




# आज नेहरू स्टेडियम में आयोजित होगा नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम

### बसों का रूट, पार्किंग, डायवर्जन एवं मार्ग व्यवस्था निर्धारित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। 7 मार्च 2024 को नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया जाना है, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सहित अन्य वीआईपी की गरिमामय उपस्थिति में 25,000 महिलाओं के आने की संभावना है। नेहरू स्टेडियम के आसपास वाले मार्गो पर यातायात का दबाव रहेगा। इस परिपेक्ष्य में जनसुविधा के लिए यातायात व्यवस्था में आवश्यकतानुसार निम्नानुसार परिवर्तन रहेगा जो कि 7 मार्च को दोपहर 12 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक प्रभावी रहेगा।**

**इस दौरान कार्यक्रम में सम्मिलित बसो का रूट, पार्किंग, डायवर्जन एवं मार्ग व्यवस्था निम्नानुसार रहेगी :-**

पिपलियाहाना चौराहा की तरफ से आगंतुकों को लाने वाली बसों की एंट्री कृषि कॉलेज होमगार्ड टी, मेडिकल हॉस्टल टी होते हुए सीपीडब्ल्यूडी बंगला नम्बर 57 एवं बंगला नम्बर 4 बसों को पार्क करेंगे। टॉवर चौराहा, भवरकुआ चौराहा, की तरफ से आगंतुकों को लाने वाली बसों की एंट्री जीपीओ चौराहा, वहाईट चर्च, होमगार्ड टी, मेडिकल हॉस्टल टी होते हुए सीपीडब्ल्यूडी बंगला नम्बर 57 एवं बंगला नम्बर 4 बसों को पार्क करेंगे। गीताभवन चौराहा की तरफ से आगंतुकों को लाने वाली बसों की एंट्री नवरतन बाग होते हुए होमगार्ड टी, मेडिकल हॉस्टल टी से सीपीडब्ल्यूडी बंगला नम्बर 57 एवं बंगला नम्बर 4 में बसों को पार्क करेंगे। मधुमिलन चौराहा की तरफ से आगंतुकों को लाने वाली बसों की एंट्री वहाईट चर्च चौराहा, होमगार्ड टी, मेडिकल हॉस्टल टी से सीपीडब्ल्यूडी बंगला नम्बर 57 एवं बंगला नम्बर 4 में बसों को पार्क करेंगे। कार्यक्रम में आने वाली सभी बसों की एंट्री होमगार्ड टी से मेडिकल होस्टल तरफ रहेगी एवं सीपीडब्ल्यूडी बंगला नम्बर 57 एवं बंगला नम्बर 4 में बसों, कार अन्य वाहनों को पार्क करेंगे। अन्य वाहनों के लिए आवश्यकतानुसार तत्कालीन डायवर्सन व्यवस्था की जाएगी। वाहन चालकों से अपील की गई है कि असुविधा से बचने के लिए यातायात व्यवस्था में लगे हुए बल के द्वारा बताएं परिवर्तित मार्ग से आवागमन करें।

# मिलेट्स की भेल और ज्वार-बाजरा का क्रंच, उधार के ओवन से हुआ बिजनेस

## कई महिलाओं को दिया रोजगार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर में रहने वाली एक हाउसवाइफ ने न केवल स्वादिष्ट रेसिपीज में नवाचार किया बल्कि भारतीय संस्कृति एवं स्वाद को भी बनाए रखा। अपना काम उधार के ओवन से शुरू किया और आज कई महिलाओं और युवतियों को रोजगार दे रही हैं। यह कहानी है ऋतू अग्रवाल की। ऋतू इंदौर शहर की रहने वाली हैं। बचपन से ही वह अपनी मां और दादी से घरेलू उपचारों के बारे में बातें सुनती आईं। उन्होंने हमेशा उन्हें अपनी पारंपरिक रेसिपीज के बारे में बताया तथा यह शिक्षा भी दी की भारत में उत्पन्न होने वाला अनाज, जड़ी बूटियां तथा मसाले स्वास्थ्य को बहुत लाभ पहुंचा सकते हैं। इन्हीं बातों से प्रेरित होकर, उन्होंने स्वास्थ्य के लिए लाभदायक स्नैक्स बनाने का फैसला किया। उनका मकसद था लोगों को स्वास्थ्यपूर्ण विकल्प प्रदान करना, जो रोगों को ठीक करने में भी मदद कर सकते हैं और उनके दैनिक आहार में पोषक मूल्य जोड़ सकते हैं। इसलिए, उन्होंने घरेलू उपचारों



और रेसिपीज का उपयोग करके अपने स्नैक्स की विशेषता बनाई। उन्होंने अपना कारोबार अपने घर की बालकनी से शुरू किया। एक उधार में ली हुई ओवन का उपयोग करके स्नैक्स बेक किए। किसी अतिरिक्त संसाधन और महंगे उपकरण के बिना, वे अपने ऑर्डर वितरित करने लगीं। उन्होंने डिज़ाइनिंग और पैकेजिंग के लिए भी महंगे विकल्पों की बजाय पॉकेट फ्रेंडली विकल्प का चयन किया, ताकि संसाधनों को बचाया जा सके। हफ्ते में एक या दो आर्डर वितरित करने से लेकर, पिछले वर्ष उन्होंने अपने आर्गेनिक तथा ग्लूटेन फ्री स्नैक्स के माध्यम से 35,000 से अधिक लोगों तक अपने उत्पाद भेजे। वे Healthylives के नाम से लाभदायक स्नैक्स बनाने का काम करती हैं। आज उन्होंने अपने काम में पांच महिलाओं और युवतियों को रोजगार दिया और उन्हें भी आत्मनिर्भर बना रही हैं। आज भी उनका पूरा कारोबार घर के किचन से ही चलता है। उनके मेन्यू में काफी इंटरेस्टिंग प्रोडक्ट्स हैं जैसे ग्रानुअल क्रंच जो की ओट्स तथा डॉयफ्रुइट्स से भरपूर पूर्ण आहार। इसके साथ उनकी स्पेशलिटीज मिलेट भेल, ज्वार क्रंच, बाजरा क्रंच जिसमें मिल्लेट्स एवं देशी मसालों का अद्भुत समावेश है। उन्होंने कूकीज में भी काफी अन्वेषण करके बच्चों से लेकर बड़ों तक की रेंज रखी है जैसे की चॉकलेट ओट्स कूकीज, अमरंथ कूकीज और अभी अभी उन्होंने माउथ फ्रेशनर्स की रेंज भी निकाली है जिसमें उन्होंने कई तरह की सीड्स का इस्तेमाल किया है और काफी इनोवेटिव प्रोडक्ट्स लांच किए हैं। इनमें सीड मिक्स, रोज़ सौफ क्रंच, पान मिक्स, हनी अमला, सौंफ मुलेठी क्रंच शामिल हैं।

## श्री सिद्धेश्वर वीर हनुमान मंदिर पर शिव महापुराण कथा 11 मार्च से

**इंदौर।** मां अहिल्या की नगरी में नौलखा स्थित श्री सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर पर शिवमहापुराण कथा का सात दिवसीय आयोजन 11 मार्च से कथा वाचक पंडित नारायण शास्त्री के मुखारविंद से किया जा रहा है। इस सात दिवसीय आयोजन में भक्ति की धारा बहेगी, यह कथा मंदिर समिति द्वारा आयोजित की जा रही है। मंदिर के महंत श्री महेशानंद महाराज, महंत प्रकाशानंद महाराज ने बताया कि पंडित शास्त्री भगवान भोले बाबा के विभिन्न प्रसंगों का वर्णन करेंगे।सात दिनों तक जमकर भक्ति की धारा बहेगी। बड़े बालाजी हनुमान जी का प्रतिदिन विशेष श्रृंगार किया जाएगा, हनुमान जी अलग-अलग स्वरूपों में भक्तों को दर्शन देंगे।

## महिलाओं के सुरक्षित सफर के लिए पिंक ई-बस की शुरुआत

### अटल रेडियो का मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने डिजीटल लोकार्पण किया



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर में एआईसीटीएसएल द्वारा शहर की महिलाओं के सुरक्षित सफर के लिए पिंक ई-बस की शुरुआत की। इंदौर के अटल रेडियो का मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने डिजीटल लोकार्पण किया। बीआरटीएस कॉरिडोर में चल रही आई बसों को रिप्लेस कर ई-बस चलाई जाएंगी। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि देश का स्वच्छ शहर अब नवाचारों का शहर बन चुका है। इंदौर के अपने रेडियो अटल रेडियो का संचालन शहर के सभी सीटी और बीआरटीएस पर चलने वाली करीब 500 बस में होगा। अटल रेडियो से लोगों के मनोरंजन के साथ साथ नगर निगम की योजनाओं का प्रचार प्रसार भी किया जाएगा।

## वन भारत अभियान के तहत आत्मनिर्भर नारी, गर्व से पहने साड़ी के ध्येय को लेकर इंदौर में अनूठा आयोजन

### परम्परागत वेषभूषा(साड़ी) में इंदौर में आज 7 मार्च को होगी महिलाओं की वाकेथॉन

→वॉकेथान में 25 हजार से अधिक महिलाएं भाग लेंगी

→कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने नेहरू स्टेडियम पहुंचकर तैयारियों को दिया अंतिम रूप



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर में 7 मार्च को परम्परागत वेषभूषा(साड़ी) में महिलाओं की वॉकेथान होगी। इस वॉकेथान में 25 हजार से अधिक महिलाएं साड़ी पहनकर शामिल होंगी। इस अनूठे और अभिनव आयोजन के लिये व्यापक तैयारियां की गई है। आज कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने नेहरू स्टेडियम पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया और उन्हें अंतिम रूप दिया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर वन भारत अभियान के तहत आत्मनिर्भर नारी, गर्व से पहने साड़ी के ध्येय को लेकर आयोजित की जा रही है। इस मौके पर बताया गया कि यह वॉकेथान 7 मार्च को शाम 4 बजे से प्रारंभ होगी। नेहरू स्टेडियम से प्रारंभ होकर पुनः नेहरू स्टेडियम में ही सम्पन्न होगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री आशीष सिंह की पहल पर इंदौर में आयोजित किये गये दिव्यांगजनों के रोजगार मेले में चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र भी दिये जायेंगे।

## आयुष्मान भव : के तहत पानसेमल में हुआ स्वास्थ्य मेले का आयोजन

### इन्दौर के चिकित्सकों ने दी सेवाएं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर संभाग के बड़वानी जिले के पानसेमल में बुधवार को आयुष्मान भव मेले का आयोजन किया गया। आयुष्मान भव मेले का शुभारंभ विधायक पानसेमल श्री श्याम बरडे द्वारा किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुरेखा जमरे ने बताया कि मेले में नाक, कान, गला के 21, स्त्री रोग 145, हड्डी रोग 16, चर्म रोग 40, नेत्र रोग 43, मानसिक रोग 15, शिशु रोग 25, मेडिसिन 55, सिकल सेल जांच 120, टी.बी 20, आयुष चिकित्सक 117, एनसीडी स्क्रीनिंग 260, आयुष्मान कार्ड 17, हेल्थ आईडी 20, जनरल



ओपीडी के 47 मरीजों का उपचार किया गया। जिला चिकित्सालय बड़वानी और अरविन्दो अस्पताल इन्दौर के चिकित्सकों के द्वारा जांच, उपचार एवं परामर्श दिया गया। मेले में कुल 1278 मरीजों का उपचार किया गया। 05 लोगों द्वारा रक्तदान किया गया एवं 04 दिव्यांग प्रमाण-पत्र बनाये गये। जिला मेडिकल बोर्ड के चिकित्सकों और अरविन्दो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के विषेशज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा स्वास्थ्य विभाग की प्रदर्शनी लगाई गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पानसेमल से डॉ. अमृत बमनके (विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी), श्री राकेश बरडे (बीपीएम), श्री यशवंत इंदवेकर (बीईई), श्री मनीष चौहान (बीसीएम), श्री सुरेन्द्रसिंह मण्डलोई (बीएएम) एवं स्वास्थ्य विभाग से समस्त सुपरवाईजर/सीएचओ/एएनएम/आशा पर्यवेक्षक/आशा कार्यकर्ताओ द्वारा स्वास्थ्य सेवाऐं दी गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पानसेमल से डॉ. अमृत बमनके (विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी) के द्वारा खण्ड स्तरीय आयुष्मान भव मेले के संबंध मे जानकारी दी गई एवं मंच का सफल संचालन श्री रामजी जाधव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अन्त मे डॉ. चंद्रंजीत सावले (जिला स्वास्थ्य अधिकारी) द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# गुना में सिंधिया से लिपटकर रोईं किसान महिलाएं

## केंद्रीय मंत्री बोले. चिंता मत करो, मैं मुआवजा दिलवाऊंगा, सर्वे करा दिया है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना।** गुना में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से महिला किसान लिपटकर रोने लगीं। सिंधिया जिले के बेंहटाघाट ओला प्रभावित फसल का जायजा लेने गए थे। महिलाओं के रोने पर मंत्री ने कहा-ढांढस रखिए। चिंता मत करोए मैं मुआवजा दिलवाऊंगा। मैंने सर्वे करा दिया है।

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री सिंधिया बुधवार को गुना से अशोकनगर, फिर शिवपुरी जाएंगे। वे स्थानीय प्रशासन को साथ लेकर खेतों में हुए नुकसान का आकलन करा रहे हैं। कुछ किसानों को उन्होंने मौके पर ही मदद मुहैया कराई है।

सिंधिया की गारंटी, प्रशासन किसानों के साथ-

गुना के इमझरा गांव में भी सिंधिया ने फसल को देखा। यहां उन्होंने कहा ,गुना, ग्वालियर, मालवा और भोपाल संभाग के किसानों को दुख की घड़ी से गुजरना पड़ रहा है। सिंधिया परिवार मानता है कि पृथ्वी माता को पूजने वाला अगर कोई वर्ग या श्रेणी है, तो वो हमारे अन्नदाता हैं। अन्नदाताओं को मजबूत करना, सिंधिया परिवार की केवल जिम्मेदारी नहींए धर्म भी है।



उन्होंने कहा- सुख में आऊं न आऊं, लेकिन दुख में सिंधिया परिवार का मुखिया होने के नाते हम जरूर आते हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री भी किसान हैं। उनसे मेरी फोन पर चर्चा हुई है। गारंटी देता हूं कि पूरा मध्यप्रदेश प्रशासन इस दुख की घड़ी में आपके साथ खड़ा है।

**जिलाध्यक्ष बोले- गुना और शिवपुरी में भी एयरपोर्ट बनेगा-** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की ओर से गुना भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार ने घोषणा करते हुए कहागुना और शिवपुरी में उड़ान स्कीम के तहत एयरपोर्ट बनाए जाएंगे। दोनों जगह प्राथमिक तौर पर एयरपोर्ट के लिए 45.45 करोड़ की राशि मंजूर हो गई है। बेंहटाघाट गांव में केंद्रीय मंत्री ओला पीड़ित किसानों से मिलने पहुंचे थे। इसी दौरान जिला अध्यक्ष ने एयरपोर्ट की घोषणा की।

# शेड्यूल जारी कर एग्जाम लेना भूली यूनिवर्सिटी

### हंगामे के बाद दोबारा टाइमटेबल जारी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** जबलपुर में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय का चौंकाने वाला कारनामा सामने आया है। यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट ने एग्जाम का टाइम टेबल जारी कर दिया। एडमिट कार्ड भी दे दिए, लेकिन जब परीक्षार्थी पेपर देने पहुंचे तो हैरान रह गए। स्टूडेंट्स ने पाया कि यूनिवर्सिटी में पेपर को लेकर कोई तैयारी ही नहीं है। इस बारे में पूछने पर अफसरों ने परीक्षा होने से ही इनकार कर दिया।

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं को मामले की जानकारी लगी तो यूनिवर्सिटी जा पहुंचे। वे कुलपति की एचओडी के साथ चल रही बैठक में घुसकर धरने पर बैठ गए। आंखों पर काली पटटी बांधकर प्रदर्शन करते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे। हंगामा देखकर कुलपति डॉ. राजेश वर्मा और कुलसचिव दीपेश मिश्रा ने आनन-फानन में परीक्षा का दूसरा शेड्यूल जारी किया। परीक्षा कंडक्ट करने वाले अधिकारियों से तीन दिन में जवाब भी मांगा है।

### 5 मार्च को था टरू कम्प्यूटर साइंस के फर्स्ट सेमेस्टर का पेपर

विश्वविद्यालय ने 14 फरवरी 2024 को टरू केमेस्ट्री थर्ड सेमेस्टर, कम्प्यूटर साइंस फर्स्ट सेमेस्टर और कम्प्यूटर साइंस थर्ड सेमेस्टर 2023-24 का टाइम टेबल जारी किया था। तीनों क्लासेस की परीक्षाएं 21 फरवरी से 13 मार्च तक सुबह 8 बजे से 11 बजे तक होनी थीं। टाइम टेबल के मुताबिक, 5 मार्च को टरू फर्स्ट सेमेस्टर के कम्प्यूटर ऑर्गनाइजेशन एंड असेंबली लैंग्वेज सब्जेक्ट का पेपर था। छात्रों को प्रवेश पत्र भी मिल चुके थे। मंगलवार सुबह 8 बजे जबलपुर समेत दूसरे जिलों से परीक्षार्थी यूनिवर्सिटी पहुंचे। यहां पता चला कि कोई एग्जाम नहीं है।

### सुबह 8 बजे दूसरे जिलों से आए थे छात्र, बिना पेपर लौटना पड़ा

डिग्री के लिए करीब 10 छात्र पेपर दे रहे हैं। इनमें से कोई मंडला तो कोई नरसिंहपुर, सिवनी और कटनी से आया था। मंडला से परीक्षा देने यूनिवर्सिटी आए एक छात्र का कहना था कि सुबह 4 बजे जबलपुर के लिए निकला था। तब जाकर सुबह 7 बजे तक यूनिवर्सिटी पहुंच पाया। यहां पेपर लेने की कोई तैयारी ही नहीं थी। सिवनी से आए छात्र ने बताया कि यूनिवर्सिटी में समस्या सुनने वाला कोई नहीं है। परीक्षा नहीं करवाना है तो इसकी जानकारी दे दें ताकि हम परेशान न हों।

# प्राणपुर में चंदेरी साड़ियों की छत वाला रेस्टोरेंट

## →देश का पहला क्राफ्ट हैंडलूम टूरिज्म विलेज; डॉ. यादव और सिंधिया ने किया लोकार्पण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** अशोकनगर जिले के प्राणपुर गांव की अब अलग पहचान होगी। 600 घर वाले इस गांव के करीब आधे घरों में साड़ियां बनाई जाती हैं। इसे क्राफ्ट हैंडलूम टूरिज्म विलेज के रूप में डेवलप किया गया है। इससे गांव की तस्वीर ही बदल गई है। गलियों में रंग-बिरंगी पेंटिंग बनाई गई हैं। चंदेरी साड़ियों की छत वाला रेस्टोरेंट बनाया गया है, जहां टूरिस्ट लोकल फूड का टेस्ट ले सकेंगे। बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया इसका लोकार्पण किया। केंद्रीय वस्त्र राज्यमंत्री दर्शना जरदोश और मप्र के पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

### हैंडलूम और फिटलूम दोनों पर बनती हैं साड़ियां

प्राणपुर में 34 नए हैंडलूम लगाए गए हैं। 350 घरों की दीवारों पर पारंपरिक पेंटिंग करवाई गई है। यहां चंदेरी की तरह साड़ियां बनाने का काम होता है। साड़ियां हैंडलूम और फिटलूम दोनों मशीनों पर बनाई जाती हैं। यहां की साड़ियां देश-विदेश तक जाती हैं। गांव के ज्यादातर लोग साड़ी बनाने का काम करते हैं, जबकि कुछ लोग बेचते हैं।

### 7.45 करोड़ की लागत से बनाया टूरिज्म विलेज

चंदेरी से महज 4 किलोमीटर दूर इस गांव में 243 बुनकर हैं। पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव और टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक शिव शेखर शुक्ला ने बताया प्राणपुर-चंदेरी में 7 करोड़ 45 लाख रुपए की लागत से देश के पहले क्राफ्ट हैंडलूम टूरिज्म विलेज का विकास किया गया है। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड की पहल पर केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय और मध्यप्रदेश सरकार का यह संयुक्त प्रयास है। चंदेरी पहुंचने वाले पर्यटक इस गांव में आएं और यहां के हैंडलूम क्राफ्ट को नजदीक से देखें।

### आमिर खान ने 6 हजार की साड़ी 25 हजार में खरीदी थी

दिसंबर 2009 में बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान और करीना कपूर फिल्म शूटिंग के लिए प्राणपुर पहुंचे थे। दोनों ने यहां 5 घंटे बिताए थे। इसी गांव के कमलेश कोली के परिवार के साथ कमला बाई और बेटी रामवती के हाथों का बना खाना खाया था। चरखे से साड़ी भी बनाने की कोशिश की थी। कमलेश कोहली के यहां से आमिर खान ने करीना कपूर के लिए एक ब्लैक साड़ी खरीदी थी। साड़ी 6 हजार रुपए की थी, लेकिन आमिर ने चंदेरी के अपने दोस्त कमलेश कोरी से इसे 25 हजार रुपए देकर खरीदा था।

# कुलपति के इस्तीफे की सूचना

### सैलरी अकाउंट्स को छोड़कर सभी खाते फ्रीज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सुनील कुमार बुधवार को इस्तीफा देने राजभवन पहुंचे। गवर्नर हाउस के सूत्रों के अनुसार वे सुबह करीब 11 बजे गवर्नर हाउस पहुंचे, और इस्तीफा सौंपा। हालांकि, अभी इस्तीफा मंजूर हुआ है या नहीं इसके बारे में कुछ भी सामने नहीं आया है। प्रोफेसर सुनील कुमार छुट्टी पर थे, बुधवार को लौटते ही गर्वनर हाउस इस्तीफा देने पहुंच गए।**

सूत्रों ने बताया कि कुलपति प्रो. सुनील कुमार सुबह करीब 10 बजे विश्वविद्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने विभिन्न डिपार्टमेंट के एचओडी से मुलाकात की। उन्होंने यूनिवर्सिटी के अलग-अलग डिपार्टमेंट के एचओडी को कैबिन में बुलाया। सभी से डिपार्टमेंटल एक्टिविटी के बारे में 20 मिनट चर्चा की। इसके बाद उन्होंने सार्वजनिक रूप से अपने इस्तीफे के फैसले के बारे में बताया। इसके करीब 15 मिनट बाद वे यूनिवर्सिटी से राजभवन के लिए रवाना हो गए।



यूनिवर्सिटी में करोड़ों के गबन का खुलासा होने के बाद प्रशासन ने अपने सभी बैंक खातों को फ्रीज कर दिया है।

यूनिवर्सिटी कुलपति प्रो. सुनील कुमार, तत्कालीन रजिस्ट्रार आरएस राजपूत, फाइनेंस कंट्रोलर ऋषिकेश वर्मा पर आरोप है कि उन्होंने विश्वविद्यालय के 19.48 करोड़ रुपए कुमार मयंक के प्राइवेट खाते में जमा कराए हैं। कुमार मयंक और दलित संघ के अकाउंट में जमा कराए गए इन रुपयों के चैक पर कुलपति, तत्कालीन रजिस्ट्रार और फाइनेंस कंट्रोलर के दस्तखत मामले की जांच कर रही तीन सदस्यीय समिति को मिले हैं।

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म कर उतारा मौत के घाट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा के जुन्नारदेव थाना क्षेत्र के रहने वाले एक युवक ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म कर उसे मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद उसने शव को ले जाकर श्मशान घाट में दफना दिया। जब पुलिस ने इस मामले में कड़ाई से पूछताछ की तो उसने हत्या करना कबूल लिया। पुलिस ने उसके बताए अनुसार शव को बरामद कर लिया है। पुलिस ने 12 घंटे मे ही मामले की गुत्थी सुलझा दी।**

जानकारी अनुसार ओरापी सोनू पिता दिनेश पंद्राम उम्र 19 साल जुन्नारदेव के धानाखेड़ा का रहने वाला है। वह दो दिन पूर्व अपनी बुआ के यहां खैरवानी आया हुआ था। मंगलवार के दिन उसकी बुआ गन्ना काटने खेत गई हुई थी। घर में नाबालिग अकेली थी। आरोपी ने अकेला पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। जब उसने इस बात का विरोध किया तो आरोपी ने उसे कुल्हाड़ी मार दी। जिसके बाद वह बेहोश होकर गिर गई।

इसके बाद उसने उसका गला दबाकर उसे मौत के घाट उतार दिया। उसने इस घटना से बचने के लिए शव को घर के समीप लकड़ियों के ढेर में ले जाकर छुपा दिया। जब शाम को नाबालिग के परिजन पहुंचे। नाबालिग घर पर नहीं मिली। पड़ोसियों और रिश्तेदारों में भी पूछताछ की। इसके बाद भी कोई पता नहीं चला। परिजनों ने नाबालिग की गुमशुदगी का मामला दर्ज करवाया। जब पुलिस जांच करने घर पहुंची।

New Delhi

# दिल्ली, UP समेत 4 राज्यों में सिर उठाने लगा कोरोना, राजस्थान में CM भी आए चपेट में

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली, यूपी समेत 4 राज्यों में कोरोना फिर से सिर उठाता दिख रहा है। राजधानी दिल्ली में बुधवार को कोरोना के 63 नए मामले सामने आए हैं। बीते साल मई के बाद ऐसा पहली बार हुआ है, जब दिल्ली में एक ही दिन में कोरोना के इतने केस मिले हैं। दिल्ली के अलावा राजस्थान, यूपी और बिहार में भी कोरोना के केसों में तेजी देखी जा रही है। इसके चलते स्वास्थ्य विभाग की चिंताएं भी बढ़ी हैं। बड़ी बात यह है कि इस बार उत्तर भारत में केसों में इजाफा हो रहा है, जबकि दक्षिण में केस कम हुए हैं। इससे पहले दक्षिण के केरल, आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में ही केस ज्यादा पाए जा रहे थे। दिल्ली में पिछले 15 दिनों में कोरोना के 459



केस पाए गए हैं। उससे पहले के 15 दिनों में यह आंकड़ा 191 का ही था। यही नहीं उससे भी पहले तो महज 91 मामले ही मिले थे। इस तरह मौसम के बदलाव के बीच कोरोना केसों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। अब राजस्थान की बात करें तो राज्य में बीते 15 दिनों में 226 मामले मिले हैं। वहीं इससे पहले 96 केस ही पाए गए थे। राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी कोरोना पॉजिटिव हो गए हैं। यह आंकड़ा बहुत ज्यादा नहीं है, लेकिन इस बीच टेस्टिंग भी कम ही हो रही है। ऐसे में यदि टेस्टिंग में इजाफा हुआ तो फिर संकट बड़ा हो सकता है। बता दें कि इससे पहले बीते साल मई में ही ऐसा हुआ था, जब कोरोना के केसों की संख्या 50 से अधिक थी। इस साल दिसंबर और जनवरी में भी कोरोना केसों में थोड़ा इजाफा हुआ था, लेकिन पहले के मुकाबले कम ही थे।

Uttarpradesh

## डेट तय होने के बाद बार-बार शादी से इनकार, दुल्हन ने सिखाया सबक, फिर बारात लेकर पहुंचा दूल्हा



**संभल, (एजेंसी)** संभल जिले में शादी से तीन बार दूल्हे के मना करने से दुल्हन पक्ष परेशान था। दुल्हन और दुल्हन के घरवालों ने दूल्हे को सबक सिखाया। दुल्हन और घरवालों ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई तो बुधवार को पुलिस ने दूल्हे व उसके परिजनों को मनाया और शादी करवाई। जुनावई थाना क्षेत्र के मैडोली गांव के रहने वाले रघुनंदन ने अपनी बेटी शशि की शादी दबथरा क्षेत्र के रहने वाले नेमपाल के साथ तय की थी। नेमपाल सिंह को शशि के साथ सात फेरे लेने के लिए चार मई को बारात लेकर पहुंचना था, लेकिन शादी से इनकार कर दिए जाने के बाद गांव में पंचायत बुलाई गई। पंचायत में फिर से 11 जून का समय रखा गया, लेकिन लड़के ने 11 जून को भी बारात लेकर नही पहुंचा और शादी से इनकार कर दिया। 28 फरवरी को शादी की तिथि रखी गई। शादी से तीन दिन पहले ही लड़का पक्ष ने शादी से मना कर दिया। पीड़ित पिता रघुनंदन ने जुनावई थाने में शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई गई। पुलिस अधीक्षक ने जुनावई थाने में रिपोर्ट भेजकर लड़की पक्ष को न्याय दिलाने के आदेश दिए। इसके बाद बुधवार को जुनावई थाना पुलिस ने डॉ. मनोज कुमार के सहयोग से पंचायत कराकर लड़के पक्ष को मना लिया। उसी पंचायत के तहत नेमपाल सिंह शशि के साथ सात फेरे लेने के लिए अपने गांव के 25 लोगों को लेकर लड़की के घर पहुंच गया।

New Delhi

## ग्रेटर नोएडा : गौर सिटी के 16th एवेन्यू में लगी भीषण आग, फ्लैट्स में फंसे कई लोग

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** ग्रेटर नोएडा एक्सटेंशन में स्थित बहुमंजिला इमारत में आग लगने की खबर सामने आई है. यहां स्थित गौर सिटी 2 के 16th एवेन्यू में भीषण आग लग गई. आग पहले जिस फ्लैट में लगी थी, उससे फैलकर दूसरे फ्लैट में भी लग गई. दो फ्लैट्स में लगी आग के कारण कई लोग बिल्डिंग में फंसे हुए हैं. मौके पर दमकल के दो वाहन पहुंचे हुए हैं और आग पर काबू पाने के प्रयास जारी हैं. जानकारी के मुताबिक, ग्रेटर नोएडा एक्सटेंशन स्थित गौर सिटी-2 के 16th एवेन्यू में आग लग गई है. सामने आया है कि सोसाइटी के टॉवर मे भीषण आग लगी है और पूरा टॉवर धुएं की चपेट में है. सोसाइटी में अफरा तफरी का माहौल है. दमकल की दो गाड़ी मौके पर है और लोगों के फंसे होने की आशंका है. एक फ्लैट में लगी आग से कई अन्य फ्लैट्स मे आग फैलने की आशंका है. आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं है.

New Delhi

## अरविंद केजरीवाल को ED की अर्जी पर राउज एवेन्यू कोर्ट ने भेजा समन,16 मार्च को पेश होने को कहा

**नई दिल्ली, (एजेंसी) शराब घोटाले से जुड़े मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट ने समन भेजा है. ईडी की अर्जी पर ये समन भेजा गया है. कोर्ट ने केजरीवाल को 16 मार्च को पेश होने को कहा है.**

इससे पहले ईडी सीएम केजरीवाल को आठ समन भेज चुकी है. इन समन को केजरीवाल गैरकानूनी बताते रहे हैं. उन्होंने कहा था कि ये समन गैरकानूनी हैं लेकिन फिर भी वह ईडी के सवालों के जवाब देने के लिए तैयार हैं. उन्होंने ईडी से 12 मार्च के बाद की कोई तारीख मांगी है. केजरीवाल ने कहा था कि वह वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सवालों के जवाब देंगे.

22 मार्च 2021 को मनीष सिसोदिया ने दिल्ली में नई शराब नीति का ऐलान किया था. 17 नवंबर 2021 को नई शराब नीति यानी एक्साइज पॉलिसी 2021-22 लागू कर दी गई. नई नीति आने के बाद सरकार शराब के कारोबार से बाहर आ गई, जिसके बाद शराब पूरी दुकानें निजी हाथों में चली गई. इस नीति को लाने के पीछे सरकार का तर्क था कि इससे माफिया राज खत्म होगा और सरकार के रेवेन्यू में बढ़ोतरी होगी. हालांकि, नई नीति शुरू से ही विवादों में रही. जब बवाल ज्यादा बढ़ तो 28 जुलाई 2022 को सरकार ने नई शराब नीति रद्द कर फिर पुरानी पॉलिसी लागू कर दिया.

खेल

# पदक विजेताओं को मिलेगी सरकारी नौकरी में वरीयता, सरकार ने भर्ती दिशा-निर्देशों में किया संशोधन

**नई दिल्ली, (एजेंसी) खेलो इंडिया के विभिन्न खेल आयोजनों में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। अब सरकारी नौकरियों में खेल कोटे के जरिए होने वाली भर्तियों में खेलो इंडिया के पदक विजेताओं को वरीयता मिलेगी। अब तक अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी में वरीयता दी जाती थी, लेकिन केंद्र सरकार की ओर से मंगलवार को जारी आदेश में खिलाड़ियों की भर्ती, प्रोन्नति के दिशा-निर्देशों में संशोधन कर इनमें खेलो इंडिया के पदक विजेताओं को भी शामिल कर लिया गया।**




### खेलो इंडिया के सभी गेम्स शामिल

सरकार के आदेश के तहत खेलो इंडिया यूथ गेम्स, यूनिवर्सिटी गेम्स, विंटर गेम्स और पैरा गेम्स में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को खेल कोटे के तहत लगने वाली सरकारी नौकरी में वरीयता दी जाएगी। यह आदेश डीओपीटी की ओर से जारी किया गया है। उसने तीन अक्तूबर, 2013 को निकाले गए अपने आदेश में संशोधन किया है।

**नंबर चार के क्रम पर मिलेगी वरीयता-** खेलो इंडिया के पदक विजेताओं को सरकारी नौकरी में नंबर चार के क्रम पर वरीयता दी जाएगी। पहली वरीयता देश के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने वाले, दूसरी वरीयता सीनियर और जूनियर स्तर पर राष्ट्रीय खेल संघों से मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय चैंपियनशिप, आईओए से मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय खेल के पदक विजेताओं को दी जाएगी। तीसरी वरीयता ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी के पदक विजेताओं और खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी के पदक विजेताओं को मिलेगी। चौथी वरीयता खेलो इंडिया यूथ गेम्स, विंटर गेम्स और पैरा गेम्स के पदक विजेताओं को मिलेगी। पांचवीं वरीयता राष्ट्रीय स्कूल खेलों के पदक विजेताओं को मिलेगी और छठी वरीयता राष्ट्रीय चैंपियनशिप, राष्ट्रीय खेल, इंटरयूनिवर्सिटी, खेलो इंडिया, स्कूल खेल में भाग लेने वालों को मिलेगी।

सिनेमा

## जैकलीन फर्नांडिस की बिल्डिंग में लगी आग, साल 2023 में ही खरीदा था ये आलीशान 5BHK

मुंबई का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह वीडियो मुंबई के नरगिस दत्त रोड पर स्थित 17 मंजिला इमारत का है। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि इमारत की 13वीं मंजिल पर भीषण आग लग गई है और फायर ब्रिगेड की टीम वहां पहुंच गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस 17 मंजिला इमारत में एक घर बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस का भी है। उन्होंने यह आलीशान 5बीएचके पिछले साल ही खरीदा था।



यह बांद्रा वेस्ट के पाली हिल इलाके में स्थित नवरोज हिल सोसायटी का वीडियो है। पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक, मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम आग पर काबू पाने में कामयाब हुई है और अभी तक किसी के भी घायल होने की कोई घटना सामने नहीं आई है। स्थानीय सूत्रों का कहना है कि यह आग कथित तौर पर 13वीं मंजिल के 5बीएचके के किचन में लगी है। वहीं नगर निकाय अधिकारी ने पीटीआई को बताया कि यह आग रात करीब आठ बजे लगी थी।'' रिपोर्ट्स के मुताबिक, आग के समय जैकलीन अपने घर पर नहीं थीं। वह इस वक्त अपने किसी काम के चलते दुबई गई हुई हैं। बता दें, वह जल्द ही अक्षय, रवीना टंडन, दिशा पाटनी, अरशद वारसी, श्रेयस तलपड़े, संजय दत्त, तुषार कपूर, राजपाल यादव, परेश रावल, सुनील शेट्टी और लारा दत्ता कुमार के साथ 'वेलकम टू द जंगल' में नजर आएंगी। यह फिल्म 20 दिसंबर के दिन रिलीज होगी और इसे अहमद खान डायरेक्ट कर रहे हैं।

## संपादकीय

# जोखिम भी आ रहे हैं सामने

आमतौर पर हर क्षेत्र में तकनीक के प्रसार ने लोगों की रोजमर्रा की जरूरत से लेकर कई तरह की सुविधाओं तक पहुंच को आसान बनाया है। मगर तकनीकी विकास के दायरे में ही जैसे-जैसे डिजिटल दुनिया में एक नया समाज बन रहा है, सोशल मीडिया के मंचों का विस्तार हो रहा है, वैसे-वैसे कई तरह के जोखिम भी सामने आ रहे हैं। खासकर ऐसे लोगों के लिए खतरे ज्यादा हैं, जो इंटरनेट आधारित सोशल मीडिया की प्रकृति को लेकर एक परिपक्व समझ नहीं रखते और कई बार आभासी दुनिया के संजाल में उलझ जाते हैं। पैसों की ठगी या बैंक खातों से पैसा निकाल लेने जैसे अपराधों से इतर डिजिटिल दुनिया की गतिविधियों के बीच रिश्तों में अपराध अब एक जटिल रूप में सामने आ रहा है। हाल ही में दक्षिण-पश्चिम दिल्ली में एक लडक़ी से उसके दोस्त ने बलात्कार किया, जो कुछ ही समय पहले सोशल मीडिया पर उसके संपर्क में आया था। इससे पहले भी ऐसी कुछ घटनाएं हुई हैं, जिनमें किशोर उम्र की लड़कियों को सोशल मीडिया पर हुई जान-पहचान के बाद बलात्कार जैसे जघन्य अपराध का शिकार होना पड़ा। दरअसल, सोशल मीडिया के जरिए कई किशोर और युवा अपने संपर्कों और दोस्ती का विस्तार तो करते हैं, मगर अब वह सुरक्षित नहीं रह गया है। खासकर कुछ किशोरवय लड़कियां इसके संवेदनशील पहलुओं पर परिपक्व समझ नहीं रखतीं और भावुकता में लिए गए निर्णय की वजह से कई बार आपराधिक प्रवृत्ति के लडक़ों की चाल में फंस कर खुद को खतरे में डाल लेती हैं।

Quote...
"A compilation of famous quotes and visual display templates.
-Open form"

MORARI BAPU



**मोक्ष मन की स्थिति है और मन को बोध होगा भागवत कथा से और जब मन को बोध होगा तब कोई भी घटना विचलित नहीं करेगी।**

सत्य-प्रेम-करुणा...

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## धर्म-कर्म

# महाशिवरात्रि का चारों पहर पूजा टाइम, व्रत के नियम, पूजा विधि



8 मार्च को भगवान शिव का पर्व मनाया जाएगा। इस पर्व में भोलेनाथ की विशेष पूजा अर्चना की जाती है। भोलेनाथ अपने भक्तों को इस दिन प्रसन्न होकर मनचाहा वरदान देते हैं। का अनुष्ठान को लेकर शिवालयों में जोर-शोर से तैयारी की जा रही है। आपको बता दें कि महाशिवरात्रि भगवान शिव और माता पार्वती के मिलन का पर्व माना जाता है। इस दिन विशेष पूजा-अर्चना से प्रसन्न होकर भोलेनाथ सारी मनोकामनाएं पूरी करते हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन भगवान शिव ने कैलाश पर्वत पर माता पार्वती से विवाह किया था।

### →महाशिवरात्रि व्रत के नियम

महाशिवरात्रि व्रत में रात्रि जागरण का खास महत्व है, इसलिए इस व्रत में रात को सोना नही चाहिए और भगवान के भजन करने चाहिए। भोलेनाथ की घर पर या मंदिर में जाकर विभिन्न चीजों से पूजा अर्चना करनी चाहिए। भोलेनाथ को चंदन से तिलक, बेर, शमी के पत्ते, बेलपत्र और धतूरा भी शिवजी को अर्पित करना चाहिए। व्रत में काले रंग के कपड़ों की बजाय लाल, हरा, पीला पहन सकते हैं। विचारों और शरीर से शुद्ध रहना चाहिए और व्रत में नमक का सेवन नहीं किया जाता है। इस व्रत में एख समय फलाहार कर सकते हैं।

### →महाशिवरात्रि पूजा के चारों पहर की पूजा का समय

- प्रथम प्रहर में पूजा समय शाम में 06:25बजे से रात्रि 09:28 बजे तक
- दूसरे प्रहर में पूजा का समय रात 09:28 बजे से 9 मार्च मध्य रात्रि के 12:31 बजे तक
- तीसरे प्रहर में पूजा का समय 9 मार्च मध्य रात्रि 12:31 बजे से प्रात: 03:34 बजे तक
- चतुर्थ प्रहर पूजा समय 9 मार्च को ही प्रात: 03.34 बजे से सुबह 06:37 बजे तक
- महाशिवरात्रि 2024: पूजा का समय
- चतुर्दशी तिथि प्रारंभ 8 मार्च को रात्रि 09:57 बजे से
- चतुर्दशी तिथि 9 मार्च को शाम 06:17 बजे समाप्त
- निशिता काल पूजा 9 मार्च को सुबह 2:07 बजे से 12:56 बजे
- वहीं, शिवरात्रि पारण का समय सुबह 06:37 बजे से 03:29 बजे के बीच है।

## Highlights

1. **Late Congress stalwart Karunakaran's daughter to join BJP?**
2. **Andhra Pradesh CM inaugurates Veligonda project's twin tunnels**
3. **Do not endorse betting, gambling firms: CCPA advisory**
4. **SC raps Uttarakhand ex-minister, DFO over Jim Corbett tree felling**
5. **Karnataka Government Takes Bold Measures to Combat Acid Attacks**
6. **Rameshwaram Cafe blast accused changed clothes while escaping, his cap found: Reports**


# Tesla quits Australia auto lobby over claims on car emission standards

**NEW DEIHI, (Agency).** Zomato Tesla said on Thursday it is quitting Australia's major auto lobby and resigning from its board, accusing the group of misleading consumers over the government's proposed fuel efficiency standards and the potential impact on car prices.

In a letter addressed to Australia's Federal Chamber of Automotive Industries (FCAI), Tesla said the country's biggest auto industry body "has repeatedly made claims that are demonstrably false."

"Tesla is also concerned that it is inappropriate for the FCAI to foreshadow or coordinate whether and how competitor brands implement price changes in response to environmental regulations," the U.S. electric vehicle market leader said.

Tesla said it has requested




Australia's competition regulator to investigate FCAI's comments.

The FCAI, which includes top leaders of major car brands, did not immediately respond to a request seeking comment. Tesla said it would cease to be a member in June.

Until recently, Australia was the only developed country apart from Russia to either not have or be developing fuel efficiency standards.

The current centre-left Labor government, which won power in 2022, plans to develop a fuel efficiency model that aims to limit the average carbon emissions of new vehicles sold from next year.

That could prompt manufacturers to send more EVs to Australia and further boost adoption, putting the country in line with standards adopted in most other developed economies.

The FCAI on Wednesday said the government had opted to impose a fuel efficiency standard with "extremely aggressive targets and severe penalties to be effective on very short notice" from Jan. 1, 2025.

# Elon Musk says X could soon receive payment licenses in New York, California

**NEW DEIHI, (Agency).** Elon Musk said on Wednesday that his social media platform X could soon receive approval for a money transmitter license in New York, putting the platform a step closer to offering payment features.

While speaking at the Morgan Stanley technology, media and telecom conference, Musk also said X could receive its license in California in the next month or so, while getting the New York approval could be "a few months away". Since acquiring the company formerly known as Twitter in 2022, the



billionaire has sought to turn it into an "everything app" like Tencent's dominant WeChat app in China, with features beyond social media, including the ability to send money to other X users.

To offer services across the US, experts say X will need a money transmitter license in each state, and Musk has previously said that approval in New York and California would be the most consequential. Those populous states are also known for relatively lengthy approval processes.

Some other states including Pennsylvania and Utah have already granted money transmitter licenses to X.

During the conference, the billionaire who also runs Tesla and SpaceX said X was considering removing the number of likes and reposts that are currently visible on each post.

# डकैती के पहले ही पकड़ाए 6 आरोपी

## पुलिस ने देशी कट्टा, कारतूस, और बाइक बरामद की

**इंदौर। पीथमपुर में बगदून पुलिस ने डकैती की योजना बना रहे 6 बदमाशों को हिरासत में लिया है। आरोपियों के पास से एक 12 बोर देशी कट्टा एक जिंदा कारतूस, गुप्ती, फालिया और 1 बाइक बरामद हुई है।**

थाना प्रभारी राजेंद्र सोनी ने बताया कि चौकी प्रभारी घाटाबिल्लौद सुशील यदुवंशी को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि 6 बदमाश सेजवानी फाटे के पास पुरानी शराब दुकान के पीछे बैठ कर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। मुखबिर सूचना पर चौकी प्रभारी घाटाबिल्लौद सुशील यदुवंशी ने थाना प्रभारी पीथमपुर राजेन्द्र सोनी को मुखबिर सूचना से अवगत कराया। इसके बाद उसके राजेन्द्र सोनी ने पुलिस की दो टीमे बनाकर रवाना की गईं। पुलिस गिरफ्त में आए बदमाश इमरान पिता असलम शाह उम्र 24 साल,अजय भीलाला पिता कैलाश भीलाला उम्र 20 ,राकेश पिता बाबुलाल प्रजापत जाति कुमार उम्र 22 साल, कृष्णा उर्फ कालु पिता सुनातन वास्केल उम्र 25 साल, अनिल पिता रामप्रसाद उम्र 24 साल,.शैलेश पिता लीलाधर बलाई उम्र 20 साल। आरोपियों के पास से की तलाशी में 12 बोर का देशी कट्टा, धारदार गुप्ति,धारदार फलिया बरामद हुई। पुलिस के अनुसार सभी आरोपी बदमाश शातिर अपराधी है। आरोपी अनिल से थाना पीथमपुर से चोरी किया गया कम्प्यूटर जिसकी कीमत 30,000 है जब्त किया गया है। आरोपी शैलेश के पास से चोरी किया गया ओप्पो मोबाईल जिसकी कीमत 25000 है, बरामद किया गया है। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने घटाबिल्लोद् के मोदी पेट्रोल पंप को लूटने की योजना बनाना कबूल किया। पुलिस गिरफ्त में आए सभी आरोपियों पर थाना बगदून सहित अन्य थानों में अलग-अलग मामले दर्ज हैं।

# छात्रा का मोबाइल लूटा, दो दिन बाद केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। दो दिन पहले एक छात्रा के साथ मोबाइल लूट की वारदात हो गई। छात्रा ने आरोपी का पीछा भी किया। लेकिन वह भाग गया। छात्रा ने यह बात अपने पिता को बताई। लेकिन एफआईआर लिखाने की बात से इंकार कर दिया। पीड़िता के परिवार से यह बात रिश्तेदारो को पता लगी। उनहोंने छात्रा को कहां कि ऐसे मामले में शिकायत करना चाहिए। नही तो आरोपी को सजा कैसे मिलेगी। इसके बाद छात्रा ने केस दर्ज करा दिया।**

बाणगंगा पुलिस के मुताबिक घटना परशुराम मूर्ति के पास मरीमाता चौराहे की है। कॉलेज में पढ़ने शुभांगी परमार निवासी कुशवाह नगर ने पुलिस को बताया कि वह 4 फरवरी को अपनी बहन तृप्ति परमार के साथ पैदल जा रही थी। तभी पीछे से एक बदमाश आया। शुभांगी के हाथ से मोबाइल झपट्टा ओर लेकर फरार हो गया। शुभांगी ने पुलिस को बताया कि आरोपी का पीछा भी किया। लेकिन वह हाथ नही आया। इसके बाद घबराकर घर पहुंची ओर पिता को मामले की जानकारी दी। पहले वह शिकायत दर्ज नही करना चाहती थी। लेकिन रिश्तेदारों ने कहां कि इस तरह से अपराध छिपेंगे तो अपराधियों को सजा कैसे मिलेगी। तब परिवार से बात कर पिता के साथ थाने आकर मामले में शिकायत दर्ज कराई गई। हालाकि पुलिस ने इस मामले में पहले संदिग्ध को पकड़ा है। इसके बाद केस दर्ज किया गया।

# मामा के बेटे ने ही चुरा ली कार

## सीसीटीवी में हुआ कैद,टोल पर कार छोड़ भागा

**इंदौर।** खजराना में घर की बाहर खड़ी एक कार चोरी हो गई। कार मालिक ने आसपास के कैमरे देखे तो उसमें एक युवक दिखा। उसकी पहचान खुद के मामा के बेटे के रूप में की। बाद में पुलिस ने उसके पते पर कार की जानकारी निकलवाई। लेकिन पता चला कि कार मामा का बेटा टोल पर ही छोड़कर भाग गया। वह पूर्व में भी चोरी ओर अन्य अपराधो में शामिल रह चुका है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। टीआई उमराव सिंह के मुताबिक इमरान अली निवासी झुमरू कॉलोनी 3 फरवरी की रात करीब 11 बजे कार चोरी हो गई। इमरान ने नजदीक के फुटेज देखे तो उसमें कार उसके मामा का बेटा पप्पू शाह निवासी लालघाटी शाजापुर ले जाता दिखाई दिया। मामले में इमरान ने थाने पर शिकायत की। इधर कार ढूंढने खुद निकल गया। लेकिन कार देवास के पास टोल नाके पर मिल गई। चोरी के मामले में है आरोपी पप्पू चोरी के मामले में आरोपी है। उस पर पहले के भी केस दर्ज है। वह कई थाना इलाके में वारदात कर चुका है। पुलिस के मुताबिक आरोपी पहले मक्सी में भी चोरी के मामले में पकड़ाया जा चुका है। यहां से वह थाने से भाग गया था। पुलिस के मुताबिक वह कंजर गिरोह के साथ रहता है। उससे पूछताछ करने पर ओर मामलो का खुलासा हो पाएगा।

## पड़ोसियों में विवाद, वीडियो वायरल

**इंदौर।** चदंन नगर इलाके का एक वीडियो वायरल हुआ है। आरोपियों ने जमकर एक दूसरे पर लाठियां भाजी ओर लात घूंसे के साथ मारपीट कर डाली। पुलिस ने इस मामले में जांच की बात कर रही है।। सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल हुआ है। पुलिस के मुताबिक वायरल वीडियो गीता नगर का बताया जा रहा है। जहां दो पक्षों में कहासुनी के बाद जमकर लात घूंसे चले है। बात इतनी बिगड़ी की एक दूसरे पक्ष ने लाठियों से हमला कर दिया। हालाकि पुलिस मामले में कारवाई की बात कर रही है।

जनसमस्याओं और प्रशासनिक अव्यवस्थाओं को उजागर करने वाले साहसी, कर्मठ साथियो की दैनिक अखबार और न्यूज़ चैनल में आवश्यकता है...जो लेखनी और भाषा का दक्ष हो ।
इच्छुक व्यक्तित्व संपर्क करें -
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

YouTube Detective Group Report
SUBSCRIBE

समाचार और विज्ञापन के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505

# बहन के घर आई युवती की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भंवरकुआ में रहने वाली एक युवती की आजाद नगर इलाके में अपनी बहन के घर संदिग्ध मौत हो गई। उसे देर रात परिवार के लोग एमवाय लेकर पहुंचे। लेकिन डॉक्टरो ने उसे यहां मृत घोषित कर दिया। युवती तीन दिन पहले ही अपनी बहन के घर आई थी।**

आजाद नगर पुलिस के मुताबिक घटना विराट नगर की है। यहां रात 2 बजे अजंलि पिता बलिराम खेड़े निवासी विद्यानगर को उपचार के लिये एमवाय अस्पताल लेकर आया गया। यहां उसकी मौत हो गई। अजंलि रानीपुरा इलाके में एक शॉप पर काम करती थी। वह अपनी बहन कविता के घर पर आई थी। रात में उसने बहन ओर उनके बच्चो से बात की ओर सोने की बात करके चली गई। रात करीब डेढ़ बजे के लगभग उसकी तबीयत बिगड़ी तो बहन घबरा गई। पति ओर अन्य लोगो के साथ उसे लेकर एमवाय पहुंची।

अंजलि के परिवार में उसके पांच भाई बहन है। तीन दिन पहले मोपेड पर बहन कविता के बच्चे को घूमाने के चलते अंजलि घर पहुंची।फिर यही रूक गई। माता पिता से कहा कि वह कुछ दिन में आ जाएगी। परिवार के लोगो के मुताबिक उन्हें खुद नही पता कि उसने इस तरह का कदम क्यो उठाया। वह यही से काम पर भी जा रही थी। अंजलि का एक भाई भी रानीपुरा में ही नौकरी करता है। परिवार मूल रूप से खरगोन इलाके का रहने वाला है।

# पोल में जा घुसी, ऑनलाइन कंपनी के कर्मचारी की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। ऑनलाईन कंपनी में काम करने वाले कर्मचारी की सड़क हादसे में मौत हो गई। जबकि उनका एक रिश्तेदार भी घायल हुआ है। इस हादसे में तीन अन्य लोग बाल बाल बच गए। सभी इंदौर से सावरिया सेठ के दर्शन करने राजस्थान गए। 4 फरवरी की रात को मोहनपुरा के पास ट्रक ड्रायवर की लापरवाही के चलते कार बचने के दौरान एक पोल से टकरा गई। जिसमें ऑनलाइन कंपनी का कर्मचारी गंभीर घायल हो गया।

एमवाय चौकी पुलिस के मुताबिक पवन(38)पुत्र कैलाश कुकरेश्वर निवासी भागीरथपुरा अपने चार अन्य साथियों के साथ राजस्थान के सांवरिया सेठ कार से दर्शन करने गया था। 3 फरवरी को सभी यहां कार से निकले। वही 4 की रात में वापस आते समय मोहनपुरा के यहां उनकी कार एक बिजली के पोल में जा घुसी। पवन को सिर में गंभीर चोट आई उन्हें उपचार के लिये वही के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जबकि उनके एक रिश्तेदार का पैर फेक्चर हो गया। परिवार के लोग पवन को बुधवार को एंबुलेस से इंदौर एमवाय अस्पताल लेकर आ गए। यहां उनकी मौत हो गई। पवन के पिता पेशे से वकील ओर किसान है। चार साल पहले उन्हें ब्रेन हेमरेज हुआ। इसके कारण उनके शरीर के एक हिस्से में लकवा लग गया। उनकी परिवार के लोग ही देखरेख करते है। पवन के घर पर उनकी पत्नी ओर 12 साल का बेटा है। वही छोटा भाई ओर दो बहनें है। पवन हाल फिलहाल पूरे परिवार की जीविका चला रहा था।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक